पाठ-10

परमेश्वर आपकी अगुवाई करेगा

परमेश्वर के बारे में यह सीखें :

परमेश्वर ने अब्राम को अपने पीछे हो लेने (चलने) के लिए बुलाया। परमेश्वर उनकी अगुवाई (मार्गदर्शन) करता और उन्हें आशीष देता है। जो उसके पीछे चलते (हो लेते) हैं। परमेश्वर आपकी गुवाई (मार्गदर्शन) अपनी बाइबल से करता है।

अपनी बाइबल में से यह पढ़ें

इसे पांच बार ज़ोर-ज़ोर से पढ़ें :

"अब्राम के पिता की मृत्यु के पश्चात् परमेश्वर ने अब्राम से कहा, 'उस देश में चला जा जो मैं तुझे दिखाऊँगा यदि तू ऐसा करे, तो मैं तुझसे एक बड़ी जाति बनाऊँगा और तुझे आशीष दूंगा, और तेरा नाम बड़ा करूंगा और तू आशीष का मूल होगा।'" उत्पत्ति 12: 1, 2.

क्या आप यह कर सकते हैं ?

सही उत्तर वाले शब्दों पर गोला बना दें :

1. परमेश्वर ने किसको आशीष देने की प्रतिज्ञा की ?
   अब्राम	निर्मोद	कैन
2. अब्राम को किसका पिता बनना था ?
   एक छोटी जाति का	एक बड़े देश का	एक परिवार का
3. आपकी अगुवाई करने के लिए परमेश्वर क्या प्रयोग में लाता है ?
   तारागण	बाइबल

उत्तर

1. अब्राम 2. एक बड़े देश का 3. बाइबल

आपके सीखने के लिए शब्द

ऊर वह नगर है जहाँ अब्राम रहता था। कनान वह देश है जिसमें परमेश्वर अब्राम को ले गया।

अब्राम को परमेश्वर ने अपने पीछे चलने के लिए बुलाया

चिन्ह के सब शब्दों को रेखांकित करें।

कुछ घरानों (परिवारों) ने, जिन्होंने बाबुल को छोड़ दिया था ऊर नगर को बनाया। अब्राम का जन्म ऊर में हुआ था। अब्राम का पिता बहुत से देवी-देवताओं की उपासना किया करता था। अब्राम के घराने (कुटुम्ब) के लोगों ने भी अनेक देवताओं की उपासना की। ऐसे देवी-देवताओं की जो न तो देख सकते थे न ही सुन सकते थे। वे एकमात्र सच्चे परमेश्वर को नहीं जानते थे। *उनके पास न ही बाइबल थी जो उन्हें एकमात्र सच्चे परमेश्वर के बारे में बताती।*

अब्राम सच्चे परमेश्वर को नहीं जानता था। परन्तु परमेश्वर अब्राम को जानता था और उसने उससे प्रेम किया। परमेश्वर ने अब्राम को बुलाया और उससे कहा : "अपने घर और अपने देश को छोड़। अपने पिता के देवी-देवताओं को छोड़ दे। *मेरे पीछे हो ले* और उस देश को चल जो मैं तुझे दिखाऊँगा।"

जो परमेश्वर के पीछे हो लेते हैं वह इनकी अगुवाई करता और उन्हें आशीष देता है

परमेश्वर ने अब्राम से प्रतिज्ञा की, ''यदि तू मेरे पीछे चले, तो मैं तुझे आशीष दूंगा और तुझे महान् करूँगा। मैं तुझे महान देश का पिता बनाऊंगा। मैं तुझे आशीष दूँगा
और तू आशीष का मूल (स्रोत) होगा।''
अब्राम जानता था कि उसे एक मात्र सच्चे परमेश्वर ने बुलाया है।
जो कुछ परमेश्वर ने कहा था, अब्राम ने उस पर विश्वास किया।
अब्राम की पत्नी सारै ने भी परमेश्वर की प्रतिज्ञा पर विश्वास किया।
अब्राम और सारै ने ऊर नगर को छोड़ दिया।

उन्होंने उन देवी देवताओं को छोड़ दिया जो लोगों ने बनाये थे।
* वे एकमात्र सच्चे परमेश्वर के पीछे हो लिए।*
अब्राम और परमेश्वर आपस में अच्छे मित्र थे।
अब्राम परमेश्वर से बातचीत किया करता था। परमेश्वर अब्राम से बातचीत करता था। परमेश्वर अब्राम के साथ-साथ चला और उसे
या कि किस मार्ग पर जाना है।
मेश्वर अब्राम को कनान देश में ले गया।*
जहाँ कहीं अब्राम और सारै रहे, अब्राम ने परमेश्वर के लिए वेदी बनाई। जिस प्रकार हाबिल, हनोक और नूह ने किया था। अब्राम ने भी परमेश्वर के लिए बलि चढ़ाई। अब्राम बहुत लोगों के लिए आशीष का कारण और सहायक था। उसने उन लोगों को सच्चे और जीवित परमेश्वर के बारे में बताया।

परमेश्वर जो प्रतिज्ञा करता है उसे सदैव पूरा भी करता है। परमेश्वर ने अब्राम को आशीष दी और उसे धनवान बना दिया। परन्तु अब्राम बूढ़ा हो गया था और उसके पास कोई सन्तान (बच्चा) नहीं था। फिर भी उसने परमेश्वर की प्रतिज्ञा पर विश्वास किया।और परमेश्वर प्रसन्न था क्योंकि अब्राम ने उस पर विश्वास किया।

परमेश्वर ने अब्राम का नाम बदल कर इब्राहीम रख दिया। इब्राहीम का अर्थ है, "बहुतों का पिता।" परमेश्वर ने सारै का नाम बदल कर सारा रख दिया। सारा का अर्थ है "राजकुमारों की माता।" परमेश्वर ने इब्राहीम और सारा को एक पुत्र दिया जिसका नाम इसहाक था। और उससे एक महान् देश बना।

परमेश्वर अपनी पुस्तक बाइबल से अगुवाई करता है

बाइबल में परमेश्वर कहता है कि मेरे पीछे हो लो। वह आपकी अगुवाई करने आपको आशीष देने की प्रतिज्ञा करता है। वह आपको बताता है कि क्या करना है। *परमेश्वर के पीछे हो लें और वह स्वर्ग जाने में आपकी अगुवाई करेगा।* कोई बात नहीं यदि आपको कुछ भी छोड़ना क्यों न पड़े, परमेश्वर के पीछे हो लें, जैसा कि अब्राम ने किया। परमेश्वर आपकी सहायता करेगा और दिखाएगा कि आपको क्या करना है।

प्रार्थना

हे परमेश्वर, इब्राहीम अपने देश और अपने मित्रों को छोड़कर आपके पीछे हो लिया और अपने सारे जीवन भर आपके संग-संग चला। मैं भी आपके पीछे हो लेता हूँ। मैं भी आपकी निकट संगति में बने रहकर आपके संग-संग चलूंगा और अपने सब कामों में आपको प्रसन्न करूंगा।